SBPS Student, Sakhi Bangar Performs Stupendously in the Nationals

- Sakhi Bangar makes the state proud by winning Silver Medal in the CBSE National Taekwondo Championship

Sakhi Bangar of grade XI added another feather to the cap of SBPS by winning the silver medal in the CBSE National Taekwondo Championship held at St. Xavier's High School, Balrampur, Uttar Pradesh.

The School Head Personnel and Admin Mr. Pradip Varma congratulated Sakhi for her commendable achievement.

Principal Mrs. Paramjit Kaur said, "Sakhi, with her achievements has not only made the school but the entire state proud." She added, "Sports is a means to build a strong character and confidence. We at SBPS, endeavour to prepare the youth to be in a better position to meet the challenges in a competitive world."

सरला बिरला पब्लिक स्कूल की सखी बांगर ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई

- सीबीएसई नेशनल ताइक्वांडो चौंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर झारखंड का नाम रोशन किया

सरला बिरला पब्लिक स्कूल की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा सखी बांगर ने सीबीएसई नेशनल ताइक्वांडो चौंपियनशिप में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर के सेंट जेवियर स्कूल में उक्त प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर सखी बांगर ने पूरे झारखंड का नाम रोशन किया है।

विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख श्री प्रदीप वर्मा ने सखी बांगर की शानदार सफलता पर उन्हें बधाई दी।

प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि सखी ने पूरे राज्य का नाम रोशन किया है, यह हमारे विद्यालय के लिए अत्यंत सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि हर प्रकार के खेल बच्चों के चरित्र निर्माण एवं आत्मविश्वास की वृद्धि में सहायक होते हैं। विद्यालय प्रत्येक बच्चे को वर्तमान समय की चुनौतियों का सामना करने के लिए हर प्रकार के खेल की सुविधाएं प्रदान करता है।

सरला बिरला पब्लिक स्कूल